Title: Need for early construction of a bye-pass at Ranchi, Bihar.

श्री राम टहल चौधरी (रांची) : महोदय, रांची बिहार की दूसरी राजधानी है और झारखंड प्रदेश की प्रस्तावित राजधानी भी है। यहां पर १२ लाख की आबादी भी है, किन्तु यहां पर बाई पास का अभाव है जिसके कारण शहर के बीच में जाम हो जाता है, लोगों को आवागमन में भारी असुविधा होती है और कई दुर्घटनाएं भी होती रहती हैं। बाई पास के निर्माण में राज्य की भूमिका भी होती है क्योंकि राज्य को कई औपचारिकताओं को पूरा करना पड़ता है जो अभी तक नहीं हुआ है जिसके कारण बिहार के रांची में बाई पास का निर्माण नहीं हो सका है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इसमें केन्द्र सरकार को ही पहल करनी होगी।